पंजाब केसरी 23/03/2025

# अभिभावक-शिक्षक सभा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उपयोगी : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 22 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन किया गया।



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित अभिभावक-शिक्षक सभा में भाग लेते विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह की सभाओं का आयोजन न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में बेहद उपयोगी है, बल्कि मूलभूत आवश्यकता भी है। ये सभाएं विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सामंजस्य स्थापित करती हैं, जो विद्यार्थियों की शिक्षा, चरित्र, व्यवहार आदि सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी भूमिका अदा करती हैं।

इस सभा में बहुत से विद्यार्थियों के अभिभावकों ने महाविद्यालय में पहुंचकर या ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपने बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन, प्रगति, कक्षा में उपस्थिति, सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी, बच्चों की व्यवहारिकता एवं अनुशासन आदि के बारे में पूछताछ की और संबंधित समस्याओं के हल एवं सुझावों पर संबंधित शिक्षकों से विचार-विमर्श किया। इस गतिविधि में अभिभावकों का सक्रिय योगदान रहा। अभिभावक शिक्षक सभा समिति की संयोजिका डा. अंशु चौधरी और सदस्य नीलम एवं डा. नीना के अनुसार अभिभावकों ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक गणों को धन्यवाद प्रेषित किया।